तेरे दरबार महाकाल

तेरी जोगनिया आई तेरे दरबार महाकाल,
तेरे ही नाम की शोहरत मुझे उज्ञैन लाई,
तेरी जोगनिया आई....

तेरी भक्ति से ही शक्ति मिलती है,
तेरे ही दर्शन से मुक्ति मिलती है,
बाबा तू ही जग में एक सहारा है,
तेरी कृपा से ही तो खुशियां मिलती है,
तुझको ही जाने तुझको ही माने महाकाल,
तेरे ही नाम की हिम्मत मुझे उज्ञैन लाई,
तेरे ही नाम की ताकत मुझे उज्ञैन लाई,
तेरी जोगनिया आई....

हे शिव शम्भू तू ही सबका दानी है,
तू ही अन्तर्यामी सबका ग्यानी है,
देव दनुज तेरी शरण में आते है,
हे महाकाल ये दुनिया तेरी दीवानी है,
तेरे दर आये भाग्य जगाने महाकाल,
तेरे ही नाम की हिम्मत मुझे उज्ञैन लाई,
तेरे ही नाम की ताकत मुझे उज्ञैन लाई,
तेरी जोगनिया आई....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28229/title/tere-darbaar-mahakaal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |